# पीबीएम में सुविधाएं बढ़ाने में नहीं आने दी जायेगी संसाधनों की कमी : गोदारा

**बीकानेर, (कासं)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज, पीबीएम एवं संबद्ध अस्पतालों के विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।

एस पी मेडिकल कॉलेज सभागार में शनिवार को अस्पताल के विभिन्न यूनिट हैड व अन्य अधिकारियों के साथ बजट सुझावों हेतु चर्चा करते हुए गोदारा ने यह बात कही। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज में नई चिकित्सा सुविधाएं विकसित करने, कमियां दूर करने और तकनीकी अपग्रेडेशन की दिशा में रणनीति प्रयास किए जायेंगे। आगामी बजट हेतु होने वाली बैठक में भी भी संस्थान के विकास हेतु इन सुझावों को रखा जायेगा।

अस्पताल के विभिन्न यूनिट हैड से वन टू वन चर्चा कर सुझाव लेते हुए गोदारा ने कहा कि सुझावों के अनुसार रोड मैप बनाकर सरकार के समक्ष रखा जायेगा। जिससे आने वाले समय में यहां उपलब्ध सुविधाओं का अपग्रेडेशन हो और नई सुविधाएं विकसित की जा सकें। गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार के साथ केन्द्र में भी सक्षम स्तर पर इस संस्थान के उत्थान हेतु प्रयास किए जायेंगे।

अस्पताल व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए खाद्य एवं नागरिक मंत्री ने कहा कि ड्यूटी के दौरान चिकित्सक अप्रैन अवश्य पहनें, नेम प्लेट लगाएं। ट्रोमा सेंटर पर विशेष फोकस करते हुए उन्होंने कहा कि



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने एस पी मेडिकल कॉलेज सभागार में अस्पताल के विभिन्न यूनिट हैड व अन्य अधिकारियों के साथ बजट सुझावों के लिए चर्चा की।

स्टाफ बिहेवियर पर विशेष ध्यान दिया जाए। ट्रोमा सेंटर में रेडियोलॉजिस्ट नियमित रूप से उपलब्ध नहीं होने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि पीक आवर्स में एक रेडियोलॉजिस्ट आवश्यक रूप से ट्रोमा में उपलब्ध रहे। एसोसिएट और असिस्टेंट प्रोफेसर माह में कम से कम एक दिन ट्रोमा सेंटर में ड्यूटी कर व्यवस्थाएं देखें। उन्होंने इस संबंध में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को आदेश जारी करने के निर्देश दिए।

गोदारा ने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधरे, आमजन को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिले इसके लिए वरिष्ठ चिकित्सक अतिरिक्त संजीदगी और संवेदनशीलता से काम करें। कॉर्डियोलॉजी विभाग में कार्य व्यवस्था की जानकारी लेते हुए खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि इको जांच में में लम्बी वेटिंग की शिकायतें आ रही है। ऐसे में नई मशीन खरीदने का कार्य प्राथमिकता से संपादित करवाया जाए। सोनोग्राफी जांच में गायनी विभाग भी व्यवस्थाओं में सुधार करें।

उन्होंने कहा कि पीबीएम अस्पताल संभाग का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान है। यहां मरीजों के संख्या भार को देखते हुए पार्किंग, कैमरा, साफ-सफाई , सौन्दर्यकरण के संबंध में भी विशेष ध्यान दिया जाए। मेडिकल कॉलेज में जारी सिविल कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। अस्पताल प्रबंधन सिविल कार्यों के गुणवत्तापूर्ण संपादन के लिए निगरानी करें। गोदारा ने कहा कि इस संस्थान के प्रति आमजन में भरोसा है, यह विश्वास और मजबूत हो इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन, जिला प्रशासन तथा सरकार मिलकर काम करेंगे।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने अस्पताल उपलब्ध जांचों, दवा, विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन, प्रगति ,स्वीकृत व रिक्त पदों की जानकारी, उपलब्ध चिकित्सक,

- **गोदारा ने कहा कि इस संस्थान के प्रति आमजन में भरोसा है, इस दिशा में अस्पताल प्रबंधन, जिला प्रशासन तथा सरकार मिलकर काम करेंगे**
- **प्राप्त सुझावों के आधार पर बनाया जायेगा पीबीएम के विकास का रोड मैप**

नर्सिंग स्टाफ आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अस्पताल में क्रेच, नए पद स्वीकृत करवाने और रिक्त पदों को भरवाने सहित विभागीय समस्याओं पर अपनी बात रखी।

पीबीएम अस्पताल अधीक्षक डॉ पी. के. सैनी ने पार्किंग प्रावधान और इंटरकनेक्ट कॉरिडोर की आवश्यकता जताई। बैठक के दौरान अस्पताल के विभिन्न यूनिट्स हैड द्वारा फोरेंसिक रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन, इंटीग्रेटेड हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम , लैब तकनीशियन और लैब असिस्टेंट, नर्सिंग स्टाफ के रिक्त पद भरने, ट्यूमर बोर्ड का गठन करने, आइलेट के संचालन हेतु स्टाफ की नियुक्ति, ई फाइलिंग के लिए नये कंप्यूटर , आईसीयू बेड संख्या बढ़ाने के आदि सुझाव दिए गए। बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक व यूनिट हैड उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर प्रतिमा मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

सोशल मीडिया पर सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस ने अनेक स्थानों पर दबिश दी। आरोपी को पुलिस टीम ने सीकर निवासी रिछपाल जाट को सीकर से दबोचा। बताया जा रहा है कि आरोपी की बहन पीबीएम अस्पताल में भर्ती थी। वह इस घटना को अंजाम देने के बाद सीधा सीकर के लिए रवाना हो गया फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि आखिर उसने इस घटना को अंजाम क्यों दिया। आरोपी के पकड़ में आने के बाद अम्बेडकर मूर्ति स्थल पर दिया जा रहा धरना भी समाज के लोगों ने समाप्त कर दिया। गौरतलब रहे की शुक्रवार को एक शख्स ने पीबीएम अस्पताल के पास अम्बेडकर सर्किल पर स्थापित भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति से चश्मा उतारकर ले गया। जब अम्बेडकर संरक्षण समिति के कार्यकर्ता जब सर्किल की साफ-सफाई करने पहुंचे तो उन्हें बाबा साहब की मूर्ति का चश्मा गायब मिला। जिसके बाद बाबा साहेब के अनुयायियों ने सदर थाने पहुंचकर बाबा साहेब की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ करने शरारती तत्वों के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और आश्वासन दिया कि भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी।

## सार-समाचार

### गोदारा ने की जनसुनवाई



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने अपने आवास पर आमजन की समसयाएं सुनी।

**बीकानेर, (कासं)।** खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर आमजन के अभाव अभियोग सुने। पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा सहित अन्य विभागों से जुड़े परिवादों पर खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तुरंत निर्देश दिए। गोदारा ने कहा कि आमजन के वाजिब काम बिना देरी के तुरंत संपादित किए जाएं। अनावश्यक रूप से कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान बीकानेर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में आमजन अपने अभाव अभियोग लेकर गोदारा से मिले। वहीं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सर्किट हाऊस में कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। प्रमुख शासन सचिव कृषि गालरिया ने विभागीय योजनाओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की एवं वांछित प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उद्यानिकी के तहत फल बगीचा स्थापना, अनार व खजूर, पीएम कुसुम सोलर पम्प, संरक्षित खेती पॉली हाउस आदि कार्यक्रमों में गति लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया। डिग्गी भौतिक सत्यापन व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना क्रियान्वयन में गति के निर्देश दिए, जिससे योजनाओं का लाभ किसानों को ओर व्यापक तरीके से मिल सके। मीटिंग में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी, भैराराम गोदारा, राजेश गोदारा, कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत, मानाराम जाखड़ व कृषि तथा कृषि सम्बद्ध विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### निर्जला एकादशी पर सेवा महोत्सव

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय संस्कृति एवं सनातन सार्वभोम महासभा, श्री दिव्य शिव शक्ति पीठ, श्री विप्र महासभा, ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन की ओर से पंडित योगेन्द्र कुमार दाधीच की अगुवाई में निर्जला एकादशी पर सेवा महोत्सव का अनुष्ठान 18 जून को नगर सेठ श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित जिले / शहर के निर्धारित 108 मंदिरों में आम व सेवइयों के भोग के दिव्य व विशेष अनुष्ठान के साथ होगा। मंदिरों की सूची सहित सेवाभावी सनातन स्त्री पुरुषों की मंदिर वार सूची जारी की गई है। सेवा महोत्सव का मुख्य अनुष्ठान नगर सेठ लक्ष्मीनाथ मंदिर में होगा जहां प्रात: 6.00 बजे माखन मिश्री का भोग अर्पित किया जायेगा। प्रात: 10.30 बजे आम व सेवइयों का भोग अर्पित कर भोग वितरित किया जायेगा। नगर सेठ का पूजन करके विशेष रूप से सजाई गई थालियों में आम सेवइयों का भोग अर्पित कर भोग का प्रसाद सभी सनातन धर्मावलम्बियों को वितरित किया जायेगा। सेवा महोत्सव पर भोग पूजन के अनुष्ठान के साथ गो सेवा के अन्तर्गत घास, गुड, पानी की सेवा दी जायेगी। रैन बसेरा कोटगेट में फलाहार व आम रस की सेवाएं दी जायेगी।

### योग से स्वस्थ रहने के गुर बताये

**बीकानेर, (कासं)।** आशीर्वाद भवन, गंगाशहर में डॉ. समणी मंजू प्रज्ञा एवं समणी स्वर्णप्रज्ञा के निर्देशन में तथा जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा गंगाशहर के आयोजन में संस्कार निर्माण शिविर का चतुर्थ दिवस-ज्ञानवर्धक और विभिन्न आयामों से भरपूर रहा। सुबह 5:00 बजे से लेकर रात्रि 9:00 बजे तक बच्चों ने अनेक सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अहमदाबाद से समागत योग प्रशिक्षिका मिनल ने योग थेरेपी के माध्यम से स्वस्थ रहने के सूत्र प्रस्तुत किये। समणी डॉ. मंजू प्रज्ञा और स्वर्णप्रज्ञा ने अपने शिक्षण काल में दिशा बदलो -दशा बदलों पर बताया कि हमारे ऊपर द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव का क्या प्रभाव पड़ता है। चारों दिशाओं से अनेक आने वाली किरणें हमारे व्यक्तित्व और विचारों पर प्रभाव डालती है। अत: सही व्यक्तित्व के निर्माण में इनका भरपूर योगदान रहता है। समणी मंजू प्रज्ञा ने अपने प्रेरक विचारों को विभिन्न दृष्टि कोणों से बच्चों के समक्ष रखा। समणी स्वर्ण प्रज्ञा ने हमारे सच्चे दोस्त कौन को प्रस्तुत करते हुए कहा कि बाहर के दोस्तों की अपेक्षा हमारा व्यवहार चिंतन और अच्छे संस्कार ही हमारे जीवन को उज्जवल बनाते हैं। हमारा सद्व्यवहार और अच्छा चिंतन कभी भी धोखा नहीं देगा। पीयूष नाहटा ने मोटिवेशनल स्पीच से बच्चों से सीधा संवाद साधा। शिविर को सफल बनाने में योग व प्रेक्षाध्यान प्रशिक्षक धीरेंद्र बोथरा और प्रदीप ललवानी तथा तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद, किशोर मंडल के कार्यकर्ताओं का अथक सहयोग मिल रहा है।

### मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले में 12 मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण दौरान मिली अनियमितताओं पर उनके ड्रग लाइसेंस निलम्बित किए गए है। खुदरा लाइसेंसी फर्मों के फार्मासिस्टों विरेन्द्र कुमार संख्या 36707, कृष्ण कुमार संख्या 38405, ओमप्रकाश संख्या 43722, विनोद लाल ठक्कर संख्या 9637, मनीष कुमार संख्या 72617, संदीप यादव संख्या 49143, श्री प्रदीप कुमार शर्मा संख्या 11689, जय शंकर सोनी संख्या 32193 के विरूद्ध कार्यवाही हेतु राजस्थान फार्मेसी काउसिंल को भी प्रकरण भेजे गए है। लाइसेंसिंग ऑथोरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि भादरा के वार्ड नंबर 2 स्थित सिद्धी मेडिकोज, कलाना स्थित शिव मेडिकल स्टोर, भुकरका स्थित आदर्श मेडिकल स्टोर, भिरानी के वार्ड नंबर 6 स्थित जांगड़ा मेडिकल स्टोर, हनुमानगढ़ के मुंडा स्थित अमित मेडिकल स्टोर, टिब्बी के बसीर स्थित जय श्री कृष्णा मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नेठराना के वार्ड नंबर 10 स्थित बीआर मेडिकल स्टोर, जंक्शन के सूरतगढ़ रोड स्थित न्यू सतगुरु मेडिकोज, पीलीबंगा के वार्ड नंबर 3 स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड, पल्लू स्थित महादेव मेडिकोज, हनुमानगढ़ टाउन के सृष्टि मेडिकोज, नोहर के बिहानी धर्मशाला के नजदीक स्थित कस्वां मेडिकोज के ड्रग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

# एलईडी लाइट नहीं होने से मुख्य मार्गों पर छाया अंधेरा

**बीकानेर, (कासं)।** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों विद्युत पोल पर एलइडी लाइट ही नहीं है। लाइटें नहीं होने से गली-मोहल्लों से मुख्य मार्गों तक अंधेरा है।

निगम प्रशासन भी हालात पर उदासीनता का रूख रखे है। निगम में गत दो वर्षों से एक भी नई एलईडी लाइट नहीं है। पार्षद और आमजन लगातार निगम से एलईडी लाइटें लगाने की मांग करते रहे हैं। यही नहीं तीन हजार नई एलईडी लाइटों की खरीद की निविदा प्रक्रिया अगस्त 2023 में प्रारंभ की थी। ये लाइटें निगम को अब तक नहीं मिल पाई हैं। जबकि मार्च में ही टेंडर प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद लाइटों की खरीद के लिए वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है।

निगम चुनाव का वर्ष होने व वार्ड क्षेत्रों में गली-मोहल्लों में पसरे अंधेरे के कारण अब पार्षदों का रोष भी बढ़ता

- **नगर निगम क्षेत्र में 3900 विद्युत पोल ऐसे हैं, जिन पर सार्वजनिक प्रकाश के लिए एलईडी लाइट ही नहीं है**

नजर आ रहा है। नगर निगम क्षेत्र में 3900 विद्युत पोल ऐसे हैं, जिन पर सार्वजनिक प्रकाश के लिए एलइडी लाइट ही नहीं है।

निगम की विद्युत शाखा की जानकारी अनुसार इनमें 1250 विद्युत पोल नगर निगम अधिकार क्षेत्र में और 2700 विद्युत पोल नगर विकास न्यास के अधिकार क्षेत्र में हैं। शहर के लगातार हो रहे विस्तार तथा गत वर्षों में हुए सर्वे को ही आधार माना जाए तो निगम की ओर से खरीदी जा रही 3 हजार एलईडी लाइटें पर्याप्त नहीं होंगी। नई खरीदी जा रही 3 हजार लाइटें निगम पार्षदों की डिमांड को भी पूरा करती नजर नहीं आ रही हैं। ऐसे में नई बसी कॉलोनियों, ब्लैंक विद्युत पोल पर भी इस खरीद में से लाइटें लगाना निगम के लिए सिरदर्द बन सकता है।

सार्वजनिक प्रकाश व्यवस्था के तहते नई लाइटें लगाने को लेकर निगम के पास नया सर्वे नहीं है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021-22 में सर्वे हुआ था, उसके बाद नहीं हुआ। नया सर्वे नहीं होने से निगम के पास यह जानकारी नहीं है कि कहां, कितनी लाइटें लगने की जरूरत है।

निगम अधिकारी तीन हजार लाइटों के जल्द मिलने की बात जरुर कह रहे हैं, लेकिन इन लाइटों के वितरण की कार्य योजना क्या होगी। इस पर कुछ बोलने से बच रहे हैं। निगम में 3 हजार एलईडी लाइटें खरीदने की निविदा प्रक्रिया लम्बी चली।

## शिक्षक संघ का अधिवेशन धौलपुर में

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय राजस्थान का प्रदेश महासमिति अधिवेशन 22 -23 जून को बिजौली (बाड़ी ) धौलपुर में आयोजित किया जायेगा।

प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य ने बताया कि अधिवेशन को शोभायमान करने के लिए विशिष्टजनों का सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होने वाला है। अधिवेशन के अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर क्षेत्रीय प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निंबाराम, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर व अन्य महानुभाव कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

जिला मंत्री नरेंद्र आचार्य ने बताया की बीकानेर जिले के निर्वाचित 35 प्रदेश महासमिति के सदस्य भी अपनी भागीदारी करेंगे।

# हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** सूरतगढ़ सिटी थाना क्षेत्र गांव रामपुरा रंगमहल के पास देर रात्रि को अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया। शनिवार सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया।

व्यक्ति की हत्या की सूचना मिलने पर डीएसपी प्रतीक मील, कार्यवाहक थानाधिकारी माणकलाल घटना स्थल पर पहुंचे तथा मौका मुआयना किया। कार्यवाहक थानाधिकारी माणकलाल ने बताया कि मृतक की पहचान रामपुरा रंगमहल निवासी सुरेन्द्र पुत्र महेश्वर के रूप में हुई है। मृतक के सिर पर गहरी चोट के निशान हैं। मृतक दिहाड़ी मजदूरी करता था तथा उसके दो पुत्रियां व दो पुत्र हैं। घटना पर एमओबी, एचएसएल व डांग स्क्वायड टीम को बुलाया गया है। वहीं आस-पास की दुकानों पर लगे

- **मृतक रामपुरा रंगमहल का रहने वाला था, सिर पर गहरी चोटों के निशान मिले**
- **मृतक की किसी से अनबन थी, झगड़ा हुआ और उसकी हत्या कर दी गई**

सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। इस मामले में कुछ संदिग्ध लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मृतक का किसी के साथ कोई अनबन थी। इस अनबन को लेकर झगड़ा हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। अपराध छुपाने के लिए हत्यारों ने इसे दुर्घटना या खुदकुशी का रूप देने के लिए रेलवे ट्रेक पर शव को डाल दिया।

# किशोरी से छेड़छाड़ मामले में 5 साल की सजा

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** अन्तरराष्ट्रीय सीमा से सटे हिन्दुमलकोट थाना क्षेत्र में एक किशोरी से छेड़छाड़ करने के जुर्म में अदालत ने एक जने को दोषी मानते हुए उसे पांच साल कारावास व सात हजार रुपए जुर्माने की सजा से दंडित किया है। यह निर्णय पोक्सो प्रकरणों की स्पेशल कोर्ट संख्या एक के स्पेशल जज सुरेन्द्र खरे ने सुनाया।

विशिष्ट लोक अभियोजक गुरचरण सिंह रुपाणा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 10 अक्टूबर 2022 को हिन्दुमलकोट थाने में मामला दर्ज कराया। इसमें बताया कि आठ अक्टूबर 22 को वह और उसकी पत्नी खेत में नरमे की चुगाई के लिए गए हुए थे। जबकि उसका बेटा बाहर गया था। ऐसे में घर पर उसकी चौदह

- **हिन्दुमलकोट थाना क्षेत्र में दो साल पहले हुई थी घटना**

वर्षीय बेटी अपने चचेरी छह साल की बहन के साथ थी। चचेरी बहन बच्ची होने के कारण गली में खेलने चली गई। तब मौका पाकर गांव कोनी निवासी सुखविन्द्र सिंह उर्फ सुखा पुत्र करतार सिंह बावरी आया। इस आरोपी ने अकेली घर पर बैठी उसकी बेटी के साथ छेडछाड़ करने लगा। उसे पकड़कर कमरे में ले जाने लगा तो उसकी बेटी ने शोर मचाते हुए और किसी तरह घर से बाहर चली गई। गली में लोग एकत्रित हुए तो यह आरोपी सुखा उर्फ सुखविन्द्र सिंह वहां से भाग गया।

## रूपयों का तकादा करने गए व्यक्ति की हत्या

**बीकानेर, (कासं)।** जिले के छतरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में उधार दिए रूपयों का तकादा करने गए व्यक्ति की हत्या कर देने का मामला सामने आया है। मृतक के बेटे कन्हैयालाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक उसके पिता जयनारायण शर्मा ने इसी गांव के मुखराम पुत्र अर्जुनराम को 36 लाख रुपये उधार दिए थे। आरोपी लम्बे समय से उसके पिता के रुपये नहीं लौटा रहा था तथा आरोपी उनसे रंजिश रखने लगा था। आरोप है कि उसके पिता आरोपी के यहां तकादा करने के लिए गए थे। इसी दिन सवेरे छह बजे से दोपहर दो बजे के बीच आरोपी मुखराम व उनके परिजनों ने उसके पिता की हत्या कर शव को रोही में फेंक दिया।

# शादी की तैयारियों के बीच लड़की घर से जेवर लेकर फरार

**बीकानेर, (कासं)।** घर में शादी की तैयारियों के बीच लड़की सोने-चांदी के जेवर समेटकर फरार हो गई। ऐसे में शादी के घर में खलबली मच गई।

युवती के पिता ने इस आशय की रिपोर्ट थाने में दी है। केऊ गांव निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि उसके एक बेटे व बेटी का रिश्ता सुजानगढ़ तय हुआ था। 01 जुलाई को शादी होनी थी। शुक्रवार को दिन में शादी को लेकर पीले चावल हुए तथा रात को पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया। सवेरे जब परिजन जागे तो लड़की नदारद मिली।

गांव में पूछताछ करने के बावजूद उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा। आरोप है कि युवती अलमारी में रखे दो लाख रुपये नगदी तथा सोने-चांदी के आभूषण अपने साथ ले गई। पीड़ित पिता ने जोधासर निवासी पप्पूराम मेघवाल पर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी छह माह से उसकी बेटी को परेशान कर रहा है।

आरोप है कि आरोपी एक दिन उनके घर आया और उसकी बेटी की शादी की बात कहने लगा। इस पर पंच पंचायती भी हुई थी। आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को बहला फुसला नगदी व सोने-चांदी के जेवर के साथ भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**नकबजनी की वारदात :** श्रीकोलायत कस्बे में घर का दरवाजा तोड़ चोरों ने नकबजनी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के वक्त घर मालिक अपने पैतृक घर अन्य गांव गया हुआ था। इस आशय की रिपोर्ट श्रीकोलायत की वार्ड 12 पानी की टंकी के निकट रहने वाले शिवराज सिंह पुत्र भंवर सिंह ने थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह अपने दियातरा गांव स्थित पैतृक मकान पर गया हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक 8 से 13 जून के बीच अज्ञात ने उसके घर का दरवाजा तोड़ 60 हजार रुपये नगदी, सोने की चेन, कानों के बालें व तीन सोने की अंगूठियों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मनरेगा में अनियमितताएं पाये जाने पर कार्यवाही के दिए निर्देश

**बीकानेर,(कासं)।** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शनिवार को बज्जू उपखण्ड की बीकमपुर ग्राम पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा कार्यों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पावर ग्रिड स्टेशन का निरीक्षण किया।

मनरेगा कार्य में निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं के प्रति सख्त नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर ने जिला परिषद सीईओ को संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वीकृत किए गए कार्य की प्रगति मापदंड अनुरूप नहीं है। इस तरह का रवैया स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिला कलेक्टर वृष्णि ने बीकमपुर पंचायत में जनसुनवाई की व आमजन के परिवाद सुने।

मौके पर ही अधिकारियों को विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण करने के



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बज्जू उपखंड की बीकमपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया।

निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि आमजन के छोटे-छोटे हो सकने लायक कार्यों के प्रति विभागीय अधिकारी संवेदनशील रहें। अधिकारी अपने विभाग में नियमित रूप से जनसुनवाई करें तथा ऐसे परिवादों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। ग्रामीणों ने पानी, बिजली, चिकित्सा सुविधाओं और अतिक्रमण हटाने से जुड़े परिवाद प्रस्तुत किए।

- **जिला कलेक्टर ने को स्वीकृत कार्य की प्रगति मापदंड अनुरूप नहीं मिलने पर सीईओ को संबंधित कार्मिक के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए**

जिला कलेक्टर ने आदर्श आरोग्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और साफ-सफाई, उपलब्ध चिकित्सा संसाधनों व व्यवस्थाओं के प्रति संतोष जताया। इस दौरान उपखंड अधिकारी बज्जू व पंचायत समिति के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कन्या छात्रावास में भामाशाहों को सम्मानित किया

**बीकानेर, (कासं)।** चौधरी चरणसिंह कन्या छात्रावास में आज भामाशाह सम्मान समारोह रखा जिसमें सभी भामाशाहों को चौधरी चरणसिंह कन्या छात्रावास ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता टीकूराम कस्वां ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में नोखा विधायक सुशीला डूडी एवं प्रोफेसर महावीर प्रसाद पूनियां थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वैज्ञानिक मनीराम सारण, इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के प्रिंसिपल मनोज कुड़ी, प्रो श्याम सुंदर ज्याणी थे। सभी उन भामाशाओं को प्रतीक चिन्ह और साफा पहनाकर अभिवादन किया गया जिन्होंने आज से तीस साल पहले जाट समाज के इस चौधरी चरण सिंह कन्या छात्रावास में कमरा बनाने के लिए आपने खून पसीने की कमाई के पैसे देकर 70 कमरे जाट समाज की बेटियों के लिए बनाये थे।




चौधरी चरणसिंह कन्या छात्रावास ट्रस्ट की ओर से भामाशाहों को समारोह में सम्मानित किया।

जाट समाज व भामाशाओं के सहयोग से प्रोफेसर एमपी पूनियां ने 40 कम्प्यूटर देने की घोषणा की। लैब तैयार होते ही कम्प्यूटर आ जायेंगे। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने रसोई और डाइनिंग हॉल तैयार करवाने तथा उसमे लगने वाला सामान देने की घोषणा की हैं। कुछ समाज के दानदाताओं ने सोलर सिस्टम और बाहर तीन कमरे और एक हॉल बनाने तथा जिन्होंने पहले कमरे बनाये थे। उन सभी भामाशाहों को सम्मानित किया।